प्रकाशनार्थ

2 जुलाई 2024 गोरखपुर

रोटरी क्लब गोरखपुर मिडटाउन एवं इनर व्हील क्लब ऑफ़ गोरखपुर होराइजन ने संयुक्त रूप से गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के उच्चकृत ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने आभासी रूप से जुड़ते हुए कहा बताया कि गोरखपुर की प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आए दिन रक्तदान कर संस्थाएं अपने कर्तव्यों का पालन करती रहती है । इसी क्रम में आज रोटरी क्लब मिड टाउन एवं इनर व्हील क्लब होरिजन ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन किया इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष श्रीमती ममता गुप्ता, सुनीता जैन, आशा अग्रवाल, स्वाती गोयल , प्रीति गोयल ने तथा रोटरी क्लब के डॉक्टर सुधीर अग्रवाल तथा गौरव अग्रवाल ने रक्तदान किया । इनर व्हील क्लब के अध्यक्ष स्वाति गोयल ने रक्तदान शिविर में अपने सभी साथियों को धन्यवाद दिया तथा कहा कि हमारी संस्था मानवता के मूल्य पर कार्य करती है वास्तव में रक्तदान एक ऐसा दान है जिसे रक्त की कमी से जूझ रहे व्यक्ति को जीवन बच जाता है। वही रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया कि गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय में महत्वपूर्ण तिथियां पर हमारी संस्था रक्तदान का आयोजन करते रहती है जिससे रक्त की रोगियों को रक्त संबंधी आवश्यकता में मदद मिलती है और उन्हें रक्त संबंधी आवश्यकता की पूर्ति होती है । आज के रक्तदान शिविर में इनरव्हील तथा रोटरी क्लब में मिडटाउन के द्वारा 25 यूनिट रक्तदान किया गया। इस पुनीत अवसर पर गोरखनाथ चिकित्सालय के चिकित्सक अधिकारी एवम कर्मचारी तथा इन संस्थाओं के तमाम सदस्यों के अतिरिक्त नगर के गणमान्य व्यक्ति तथा पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।